शनिवार
09 सितंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



बिहार की 9 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करेगी कांग्रेस: अखिलेश 2



## खबरें फटाफट

### मुख्तार अंसारी के अनुरोध पर बढ़ी बांदा जेल की सुरक्षा

**लखनऊ।** बांदा जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। ऐसा इस जेल में बंद माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के अनुरोध पर किया गया है। मुख्तार ने अपनी जान को बताया था खतरा बताया है। बांदा जेल के उच्चपदस्थ सूत्रों के अनुसार जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। अब सर्किल गेट पर ताला लटका रहेगा। इसके अलावा बैरक के आसपास का क्षेत्र सील किया गया है। बाँदा जेल मुख्तार के नाते प्रदेश की अति संवेदनशील जेलों में गिनी जाती है।

### भाजपा के दिनेश शर्मा राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए



**लखनऊ।** राज्यसभा की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार और पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा निर्विरोध चुन लिए गए। विपक्ष ने उनके खिलाफ कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया था। बलिया के रहने वाले भाजपा के हरद्वार दूबे का बीमारी की वजह से इसी साल 26 जून को निधन हो गया था। इसके बाद आयोग ने इस सीट पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी की थी। अगर दूसरी तरफ से भी उम्मीदवार आता तो इस सीट के लिए चुनाव होता। कयास है कि डॉ. दिनेश शर्मा मोदी सरकार के अगले मंत्रिपरिषद विस्तार में मंत्री बनाए जा सकते हैं।

## जी-20 शिखर सम्मेलन: अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ पीएम मोदी ने की बैठक


# मजबूत होंगे दोनों देशों के रिश्ते: मोदी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ की द्विपक्षीय बैठक, 50 मिनट चली वार्ता में कई मुद्दों पर हुई बात

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने एयरपोर्ट पर अमेरिकी राष्ट्रपति का स्वागत किया। दिल्ली पहुंचने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। करीब 50 मिनट तक चली इस बैठक में कई मुद्दों पर बात हुई। पीएमओ ने इस बैठक के बारे में बताया कि चचाओं में कई तरह के मुद्दे शामिल रहे और इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंध और गहरे होंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने ट्वीटर पर पोस्ट कर लिखा, यूएस के राष्ट्रपति जो बाइडेन का स्वागत करके खुशी हुई। हमारी मुलाकात बहुत सार्थक रही। हम कई विषयों पर चर्चा करने में सक्षम हुए जो भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाएंगे। हमारे देशों के बीच की दोस्ती वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने में एक महान भूमिका निभाती रहेगी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बैठक से पहले कहा था कि इस बैठक में दोनों नेता प्रधानमंत्री मोदी की जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान लिए गए फैसलों पर प्रगति की समीक्षा कर सकते हैं। जिसमें जीई जेट इंजन डील, प्रीडेटर ड्रोन की खरीद शामिल है।



### 5जी-6जी स्पेक्ट्रम व अन्य मुद्दों पर बात

इस बैठक के दौरान 5जी और 6जी स्पेक्ट्रम, यूक्रेन, सिविल न्यूक्लियर क्षेत्र में प्रगति और उभरती प्रौद्योगिकियां पर भी चर्चा की भी संभावना है। जेक सुलिवन ने हालांकि उन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं की कि अमेरिका खाड़ी देशों और अन्य अरब देशों को जोड़ने के लिए भारत और अरब देशों के साथ एक प्रमुख रेल समझौते की घोषणा करने की योजना बना रहा है, लेकिन कहा कि यह एक पहल है जिसमें अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि भारत से, पूरे मध्य पूर्व में, यूरोप तक कनेक्टिविटी काफी महत्वपूर्ण है और इससे इसमें शामिल सभी देशों को महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ के साथ-साथ रणनीतिक लाभ भी मिलेगा। हालांकि इस बारे में अभी ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता।

### मोदी 2024 में बाइडेन का स्वागत करने को उत्सुक

संयुक्त बयान में यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 2024 में भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाले क्वाड नेताओं के अगले शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडन का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। वहीं, पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने भारत-अमेरिका प्रमुख रक्षा साझेदारी को गहरा और विविधतापूर्ण बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी, बाइडन ने अपनी सरकारों से भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को सभी आयामों में परिवर्तित करने का काम जारी रखने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और लचीले हिंद-प्रशांत के समर्थन में क्वाड के महत्व को दोहराया। दोनों देशों के संयुक्त बयान में यह बात कही गई है।

### राजघाट भी जाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

वियतनाम रवाना होने से पहले जो बाइडन रविवार को राजघाट स्मारक भी जाएंगे। बता दें कि, जी-20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

**दिल्ली में की गई है खास तैयारी:** विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए दिल्ली में बेहद खास तैयारियां की गई हैं। कई स्थानों पर भारत की संस्कृति को दिखाने वाली प्रतिमाएं और प्रतीक चिह्न लगाए गए हैं। जी-20 समिट के वेन्यू भारत मंडपम में नटराज की भी शानदार प्रतिमा लगाई गई है। इसके अलावा जगह-जगह पर सुंदर फव्वारे लगाए गए हैं। दिल्ली की हरियाली में इजाफा करने के लिए बड़ी संख्या में पेड़-पौधे भी लगाए गए हैं।

### बांग्लादेश की पीएम के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता

जी20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से द्विपक्षीय वार्ता कर अमेरिका को सीधा संदेश दिया है, कि भारत अमेरिका को बांग्लादेश की उस सरकार के साथ खड़ा है, जिसने कट्टरपंथियों को रोक कर रखा हुआ है। अमेरिका लगातार बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार पर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग के साथ प्रेशर बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत, शेख हसीना सरकार का डायरेक्ट समर्थन कर रहा है। शेख हसीना और नरेन्द्र मोदी के बीच की ये मुलाकात इसलिए भी अहम है, क्योंकि बांग्लादेश में आगामी चुनावों को केंद्र में रखकर अमेरिका की मौजूदा भूमिका से भारत खुश नहीं है और इस मुलाकात से ये संदेश वाशिंगटन को भी दे दिया गया है। जी20 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना नई दिल्ली में एक ही मंच साझा करेंगे। साउथ ब्लॉक (भारत के विदेश मंत्रालय की सीट) का मानना है, कि अगर बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी को 'राजनीतिक रियायत' दी गई, तो निकट भविष्य में ढाका पर कट्टरवाद का कब्जा हो जाएगा।

**मॉरीशस के पीएम के साथ द्विपक्षीय बैठक:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्विपक्षीय बैठक में शुक्रवार को मॉरीशस के अपने समकक्ष प्रविंद जगन्नाथ से बातचीत की। इस दौरान अवसंरचना, फिनटेक, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं, मोदी ने ग्लोबल साउथ की आवाज आगे बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

## भाजपा तीन सीटों पर जीती बंगाल व उप्र में मिली हार

### सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे



**एजेंसी/नई दिल्ली**

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उप-चुनाव के नतीजे शुक्रवार को आ गए। उत्तर प्रदेश में पूरी ताकत लगाने के बाद भी सत्ताधारी भाजपा को घोसी सीट पर विजय नहीं मिली। उत्तराखंड में बेहद कम अंतर से भाजपा अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाब रही। वहीं, त्रिपुरा में भाजपा ने लेफ्ट के एक और किले में सेंध लगा दी। केरल में सहानभूति लहर पर सवार कांग्रेस ने अपनी सीट बरकार रखी। बंगाल में ममता ने भाजपा की सीट छीन ली। तो झारखंड में इंडिया और एनडीए के बीच रोचक लड़ाई में इंडिया को जीत मिली।

परिणामों के अनुसार केरल की पुथुपल्ली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चंडी ओमान ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने 37 हजार 719 मतों के अंतर से सीपीएम उम्मीदवार जैक सी थॉमस को हराया। एक ओर जहां ओमान को 80 हजार 144 वोट मिले। वहीं, थॉमस के खाते में 42 हजार 425 वोट आए हैं। चंडी ओमान कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे ओमान चंडी के बेटे हैं। वहीं त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में धनपुर और बॉक्सानगर विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की। भाजपा के तफ्फजल हुसैन ने बॉक्सानगर सीट पर 30,237 मतों से जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी बिंदू देबनाथ ने धनपुर सीट पर 18,871 मतों से जीत दर्ज की। देबनाथ को 30,017 वोट मिले तथा माकपा के उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी कौशिक चंदा को 11,146 वोट मिले। उत्तराखंड की बागेश्वर विधानसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार पार्वती दास ने कांग्रेस के बसंत कुमार को हरा दिया।

**पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने छीनी भाजपा से सीट:** पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी विधानसभा सीट पर टीएमसी के निर्मल चंद्र रॉय ने भाजपा की तापसी रॉय को 4,313 वोट से हराया। यह सीट भाजपा विधायक बिष्णु पांडे के निधन से खाली हुई थी।

**झारखंड: में झामुमो ने बरकरार रखा कब्जा:** झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की बेबी देवी जीतने में सफल रहीं। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार आजसू की यशोदा देवी को हराया।

**घोषी में सपा की जीत:** घोसी के घमासान में सपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने बीजेपी के दारा सिंह को 42672 वोटों से हराया है। 2022 विधानसभा चुनाव में सपा से चुनाव लड़ रहे दारा सिंह ने 22000 वोटों से जीत दर्ज की थी। यह सीट दारा सिंह चौहान के इस्तीफे देने के कारण खाली हुई थी।

## रात्रिभोज के लिए खड़गे को नहीं मिला निमंत्रण, कांग्रेस नाराज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जी-20 रात्रिभोज में देश के तमाम नेता शामिल होंगे लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को इस रात्रिभोज के लिए निमंत्रण नहीं मिला है। इसके बाद कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राष्ट्रपति के जी20 रात्रिभोज में न बुलाना लोकतंत्र पर हमला है और सत्तारूढ़ सरकार की सोच को दशार्ता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य विपक्षी नेताओं को शनिवार के रात्रिभोज में आमंत्रित नहीं किया गया है लेकिन विपक्षी दलों द्वारा शासित मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण मिला है। राष्ट्रपति मुर्मू जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम में आने वाले जी20 गणमान्य व्यक्तियों के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगीं।

वहीं, अभी तक कांग्रेस ने खरगे को रात्रिभोज में आमंत्रित नहीं किए जाने पर आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन ब्रुसेल्स में मौजूद पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह कार्रवाई इस कदम के पीछे की सोच के बारे में बताती है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि चूंकि विपक्ष लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए विपक्ष के नेता को आमंत्रित नहीं करना लोकतंत्र पर हमला है।

## ब्रिटेन के पीएम बोले... चरमपंथ बर्दाश्त नहीं करेंगे


**एजेंसी/नई दिल्ली**



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए भारत और ब्रिटेन के मजबूत रिश्ते का जिक्र किया, इसके साथ ही जी-20 समेत कई अहम मुद्दों पर बेबाकी से राय रखी। ब्रिटिश पीएम ने कहा कि उन्हें भारत आकर खुशी हुई है, उनका शानदार स्वागत किया गया है। उन्होंने अपने हिंदू होने पर गर्व होने का भी जिक्र किया और यह भी कहा कि वह चरमपंथ को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

जी-20 पर भारत की थीम वसुधैव कुटुंबकम को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन विषय है। जब आप 'एक परिवार' कहते हैं तो मैं उस अविश्वसनीय जीवंत पुल का उदाहरण हूं, जिसका वर्णन प्रधानमंत्री मोदी ने यूके और भारत के बीच किया है- यूके में मेरे जैसे लगभग 2 मिलियन भारतीय मूल के हैं। इसलिए, ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में उस देश में रहना मेरे लिए बहुत खास है जहां से मेरा परिवार है। यूके के पीएम ऋषि सुनक ने कहा, जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा।

कहा, मोदी जी और मैं दोनों हमारे दोनों देशों के बीच एक व्यापक और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को पूरा होते देखना चाहते हैं... व्यापार सौदों में हमेशा समय लगता है, उन्हें दोनों देशों के लिए काम करने की आवश्यकता होती है। हालांकि, हमने काफी प्रगति की है, लेकिन अभी भी कड़ी मेहनत बाकी है। खालिस्तान मुद्दे पर, ऋषि सुनक ने कहा, मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि यूके में किसी भी प्रकार का उग्रवाद या हिंसा स्वीकार्य नहीं है।




## उप्र में लगी लोक अदालतों में पारिवारिक विवाद से जुड़े 5632 मामलों का निस्तारण

# दाम्पत्य विवाद सुलझाने में लोक अदालत की भूमिका सराहनीय

- बैंक रिकवरी संबंधित विवादों में त्वरित समाधान उपलब्ध कराने में भी मिली सफलता
- 27782 मामले वर्ष 2022-23 व 2023-24 में निपटाए गए

**एजेंसी/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को सुधारने के साथ-साथ योगी सरकार ने न्यायिक प्रक्रिया तक आम लोगों की पहुंच को आसान बनाने के जो प्रयास किए हैं, वह अब धरातल पर अपना असर दिखाने लगे हैं। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश में लोक अदालतें भी जनता को जटिल कानूनी प्रक्रियाओं के पेंच से निकालकर लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण का मार्ग प्रशस्त कर रही है। जटिल न्यायिक प्रक्रिया में सरलीकरण की यह मुहिम रंग ला रही है और यूपी स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी की रिपोर्ट ने इस बात पर मुहर भी लगा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2022-23 व 2023-24 के मध्य अब तक कुल 6 चरणों में लोक अदालतें लगाई गईं जिसमें कुल रिकॉर्ड 3.30 करोड़ मामलों का निस्तारण हुआ। वहीं, दांपत्य व पारिवारिक विवाद के मामलों को सुलझाने में भी उत्तर प्रदेश में लगाई गई लोक अदालतों को व्यापक सफलता मिली है। यही कारण है कि बात चाहें अपराधिक मामलों में न्याय की हो, पारिवारिक व दांपत्व विवाद सुलझाने की हो या फिर बैंक रिकवरी के केसेस में त्वरित समाधान उपलब्ध कराने की हो, उत्तर प्रदेश एक मिसाल बनकर उभरा है।

### दांपत्य व पारिवारिक विवादों के निस्तारण में आई तेजी

यूपी स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022-23 व वर्ष 2023-24 के मध्य अब तक 6 चरणों में प्रदेश भर में लोक अदालतें लगाई गईं। इनमें पारिवारिक विवादों के निस्तारण के साथ ही दांपत्व विवादों के मामलों में त्वरित समाधान पर जोर दिया गया है। प्रदेश में इन विवादों को सुलझाने के लिए प्री लिटिगेशन स्टेज में ही सुलह कराए जाने और दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। वहीं, दांपत्य व पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए स्पेशल लोक अदालतें भी लगाई जाती हैं। इस क्रम में, प्रदेश भर की सिविल कोर्ट्स में लोक अदालत संबंधी हेल्प डेस्क्स की स्थापना की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 12 मार्च 2022 को हुई लोक अदालत में पारिवारिक व दांपत्य विवाद से जुडे 635, 14 मई 2022 को लगी लोक अदालत में 849, 13 अगस्त 2022 को लगी लोक अदालत में 936, 12 नवंबर 2022 को लगी लोक अदालत में 1244, 11 फरवरी 2023 को लगी लोक अदालत में 1154 व 21 मई 2023 को आयोजित लोक अदालत में 814 मामलों का निस्तारण हुआ है। इस प्रकार वर्ष 2022 से मई 2023 तक कुल मिलाकर 5632 मामलों के निस्तारण में सफलता मिली है।

### बैंक रिकवरी केस निस्तारण में भी सकारात्मक भूमिका

रिपोर्ट के अनुसार, यूपी स्टेट लीगल सर्विसेस अथॉरिटी के पेट्रन इन चीफ व एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन ने की सलाह पर प्रदेश में बैंक रिकवरी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक विशेष लोक अदालती सत्र का आयोजन इस वर्ष 17 व 18 मार्च को किया गया था। इसमें कुल 27782 मामलों के निस्तारण व त्वरित समाधान उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रदेश में आयोजित होने वाली सभी लोक अदालतों के बारे में लोगों को जागरुक करने, उनके आयोजन तिथि की जानकारी उपलब्ध कराने और प्रासंगिकता के बारे में लोगों को अवगत कराने के लिए भी राज्य सरकार व न्यायिक विभाग द्वारा व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम पहुंचे गया, योजनाओं का किया उद्घाटन

# पितृपक्ष मेले में आते हैं देश भर से श्रद्धालु, न हो उन्हें असुविधा: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को गया एवं बोधगया में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कई स्थलों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने गया में पहाड़पुर स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) के मुख्य प्रशासनिक भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिपार्ड के नवनिर्मित भवन परिसर का परिभ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां जो कुछ भी बचे हुए कार्य हैं उसे जल्द पूरा करें। खेल-कूद की भी व्यवस्था रखें। मुख्यमंत्री ने बिपार्ड परिसर में स्व. दशरथ मांझी की प्रतिमा का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने 'दीदी की रसोई' (कैफे) का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने बिपार्ड परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने बिपार्ड परिसर में बने कावेरी अतिथिगृह का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर पहुंचने के लिए प्रस्तावित वैकल्पिक रास्ता के निर्माण का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फल्गु नदी पर बने गया बाईपास पुल के पास से ही ऊपर से विष्णुपद मंदिर जाने के लिये नदी किनारे ऊंचा और चौड़ा रास्ता बनाएं ताकि श्रद्धालुओं को विष्णुपद मंदिर पहुंचने में कोई परेशानी नहीं हो और घाट का स्वरूप भी सुंदर दिखे। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित राजगीर के मलमास मेले में 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। हम चाहते हैं कि गया में भी अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु आएं। देश भर के लोग पितृपक्ष मेले के दौरान यहां आते हैं उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, उसका ख्याल रखें।

■ विष्णुपद मंदिर के आसपास पितृपक्ष मेला से संबंधित विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**मुख्यमंत्री की ने मां सीता की पूजा-अर्चना:** इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मोक्षदायिनी फल्गु नदी के दायें तट पर मां सीता पथ एवं नदी तट के विकास कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने वहां पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने मां सीता की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर तक पहुंचने के वैकल्पिक रास्ते के लिए निर्माण हेतु स्थल का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि यहां पर सोलर प्लेट लगाएं, ताकि सौर ऊर्जा को और बढ़ावा मिल सके। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने शिलापट्ट अनावरण कर गयाजी धर्मशाला का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के समक्ष गयाजी धर्मशाला से संबंधित प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध और बोधिवृक्ष की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी (बीटीएमसी) के कार्यालय के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान बौद्ध धर्मगुरु परम पावन दलाई लामा के वीडियो संदेश को भी दिखाया गया।

### मुख्यमंत्री ने की मेले की तैयारियों की समीक्षा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के हॉल में पितृपक्ष मेला-2023 की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पितृपक्ष मेले में देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थ यात्री बड़ी संख्या में श्रद्धा भाव से अपने पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण करने गया की मोक्ष भूमि पर आते हैं। पितृपक्ष मेले की महत्ता को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सभी प्रकार की तैयारी रखें। श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा मिलनी चाहिए और उनके आवासन की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। घाट, मंदिर, वेदी, तालाब एवं पूरे शहर की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखें। सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतें। इस वर्ष राजगीर में आयोजित मलमास मेले में 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। हमें उम्मीद है कि गया में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। उन्होंने कहा कि बोधगया महाबोधि परिसर के पास स्थित मुचलिंद सरोवर को विकसित और सौंदर्यीकृत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गया सिर्फ राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है।

## मुंगेर में गैंगरेप, पांच गिरफ्तार, एक फरार

**मुंगेर।** हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में आदिवासी समुदाय की महिला के साथ छह लोगों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। घटना पांच सितंबर की देर रात की है। गुरुवार को महिला ने खड़गपुर थाना में छह लोगों पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। महिला की मेडिकल जांच कराई गई। पुलिस छठे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि पांच सितंबर की रात लगभग 10 बजे घर पर छह लोग पहुंचे और कहा कि तुम्हारे जयपुर जाने वाले मामले को लेकर पंचायत बुलाई गई है, उसमें तुम्हें रहना है। महिला छह लोगों के साथ चली गई। घर से लगभग कुछ दूरी पर पहाड़ के नीचे जाकर सबने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही मुकेश मुर्मू, बद्दू टुडू उर्फ सूरज कुमार, शिवा कुमार मुर्मू, छद्दू हांसदा उर्फ मनोज हांसदा, सागर हांसदा को गिरफ्तार कर लिया।

# लोकसभा चुनाव में बिहार की 9 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करेगी कांग्रेस: अखिलेश

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया और कहा कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में कम से कम 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि इंडिया के घटक दलों की सीटों की सही संख्या मुंबई में इस मुद्दे पर गठित समिति द्वारा तय की जाएगी। आरजेडी से कांग्रेस में आए अखिलेश सिंह ने यह दावा तब किया जब बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल (यूनाइटेड) सहित इंडिया के प्रमुख सहयोगी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को चार-पांच सीटों पर सीमित करने पर विचार कर रहे हैं। ऐसे में आप कैसे कल्पना कर सकते हैं कि कांग्रेस 2019 के संसदीय चुनावों की तुलना में कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए मजबूर होगी? राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस और मजबूत होकर उभरी है। इसने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे दो महत्वपूर्ण राज्यों को भाजपा से छीन लिया था।

आपको बता दें 2014 में, कांग्रेस, जिसने राजद, उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली रालोजद, जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा-सेक्युलर, मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी और सीपीआई (एमएल) के गठबंधन के तहत नौ सीटों पर चुनाव लड़ा था। और केवल एक पर जीत हासिल की थी। सभी सहयोगियों को धूल चाटनी पड़ी, क्योंकि एनडीए ने 39 सीटें जीतीं, जिसमें तब जेडीयू भी शामिल थी। 2019 में महागठबंधन में आरजेडी 19, कांग्रेस 9, आरएलएसपी 5, हम 3, वीआईपी 3 और एक सीट पर सीपीआई माले को समर्थन दिया था। हालांकि, बीपीसीसी नेताओं ने राजद के वरिष्ठ जगदानंद सिंह के उस बयान को 'बेकार' बताकर खारिज कर दिया। अखिलेश सिंह ने कहा कि जगदानंद ऐसा कैसे कह सकते हैं? वह देश की आजादी के लिए लड़ने वालों में से नहीं थे।

**इंडिया के समर्थन में तेजी से हो रहे लामबंद :** भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ के अवसर पर राज्य भर में निकाली गई संकल्प यात्रा में भाग लेने के लिए पार्टी कार्यकताओं और लोगों को धन्यवाद देते हुए अखिलेश सिंह ने आरोप लगाया कि लोग इंडिया के समर्थन में तेजी से लामबंद हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि वर्तमान केंद्र में सरकार केवल 'दो लोगों' (अडानी और अंबानी) को फायदा पहुंचाने के लिए 'दो लोगों' द्वारा चलाई जा रही है।

## मुजफ्फरपुर में सीएम के खिलाफ दायर परिवाद को कोर्ट ने किया स्वीकार

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उत्पाद आयुक्त विनोद सिंह गुंजियाल सहित राज्य के सभी उत्पाद अधीक्षकों के खिलाफ परिवाद दायर किया गया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अधिवक्ता सुशील सिंह ने आरटीआई के तहत जहरीली शराब से मरने वालों का आंकड़ा मांगा था, जिसके जवाब में बताया गया कि अब तक 243 लोगों की मौत हुई है। इस जवाब के बाद अधिवक्ता सुशील सिंह ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में परिवाद दायर किया। अधिवक्ता ने परिवाद पत्र में शराबबंदी कानून सही ढंग से और बिना जागरूकता के लागू करने की वजह से 243 लोगों की मौत को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा अधिकारियों को आरोपी बनाया है। अधिवक्ता सुशील सिंह ने नीतीश कुमार और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 243 लोगों की गैर इरादतन हत्या के आरोप के तहत परिवाद दायर कराया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। मामले में अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। परिवाद पत्र में कहा गया है कि 2016 में शराबबंदी कानून लागू किया गया। उसके पहले न तैयारी की गई और न लोगों को जागरूक किया गया। बिहार के बड़े-बड़े नेता, बड़े-बड़े नौकरशाह, पूंजीपति, डॉक्टर, इंजीनियर एवं माफिया महंगे शराब का लुत्फ उठा रहे हैं और उनके विरुद्ध अभियुक्तगण द्वारा आंशिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने मोहम्मद साहब को मर्यादा पुरुषोत्तम बताया

**केटी न्यूज/पटना**

रामचरितमानस को विवादित बयान देकर हमेशा चर्चा में बने रहने वाले बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। इस बार चंद्रशेखर ने श्रीरामचरितमानस को लेकर तो कुछ नहीं कहा लेकिन जन्माष्टमी के मौके पर आयोजित मंच से इस्माम के संस्थापक मोहम्मद साहब की तारीफ में खूब कसीदे गढ़े। चंद्रशेखर ने मोहम्मद साहब को मयार्दा पुरुषोत्तम बताते हुए कहा कि ईश्वर ने बुराई को खत्म करने के लिए उन्हें धरती पर भेजा।

जन्माष्टमी के मौके पर नालंदा के हिलसा प्रखंड स्थित बाबा अभयनाथ धाम में कृष्ण चेतना समिति द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का भव्य आयोजन किया गया था। समारोह का उद्घाटन शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर, कला संस्कृति एवं युवा मंत्री जितेंद्र राय, श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री मो. इसरायल मंसूरी और राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने मंच से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, जब दुनिया में शैतानियत बढ़ गई, ईमान खत्म हो गया, बेईमान और शैतान ज्यादा हो गया तो मध्य एशिया के इलाके में ईश्वर ने ईमान लाने के लिए एक शानदार पुरूषार्थ, मयार्दा पुरुषोत्तम मोहम्मद साहब को पैदा किया। इस्लाम आया ईमान वालों के लिए, इस्लाम आया बेईमानी, शैतानी के खिलाफ। मगर बेइमानी करने वाले अपने आप को मुसलमान कहते हैं तो इसकी इजाजत खुदा नहीं देता है। मंत्री के संबोधन के बाद वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रास लीला का मंचन किया गया।




## खबरें फटाफट

### खेल खेल में फंदे पर झूला किशोर, मौत

**बक्सर।** नगर के इंटरनेशनल लॉज में एक किशोर खेल खेल में फंदे से झूल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही नगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम कराया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नुरपुर गांव के अवतार सिंह के 14 वर्षीय बेटा सन्नी सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह अपने पिता के साथ लॉज के एक कमरे में रहता था। उसके पिता नीम हकीम है तथा सड़क किनारे जड़ी बुटी बेचने का काम करते है। दोपहर बाद लॉज के कमरे की खिड़कियों में बंधी रस्सी के सहारे खेलने के दौरान उसके गले में फंदा पड़ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उसके पिता उस समय जड़ी बुटी बेचने गए थे। लॉज संचालक ने स्थानीय पुलिस को उसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

### नहर में फिर मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**राजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तियरा मनोहरपुर मार्ग पर स्थित नहर में शुक्रवार को एक अज्ञात अधेड़ का शव बरामद हुआ। सुबह में खेत की तरफ निकले किसानों ने नहर में बहते हुए करीब 65 वर्षीय वृद्ध के शव को देखा तो स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम कराया। शव की शिनाख्त के लिए उसकी तस्वीर को आस पास के थानो, साइबर सेनानी ग्रुपो तथा अन्य सोसल साइटो पर भेजा गया है। हालांकि देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। बता दें कि कुछ दिन पहले राजपुर थाना क्षेत्र में ही नहर से एक 30 वर्षीय युवती का सिरकटा शव बरामद हुआ था। पुलिस उक्त शव का अभी शिनाख्त नहीं कर पाई थी कि फिर से एक अज्ञात शव मिल गया है।

## लाखों खर्च के बावजूद डंपिंग जोन के अभाव में डुमरांव में सिफर है सफाई व्यवस्था, नगर परिषद प्रशासन मौन

# सड़क किनारे डंप हो रहा कचरा, बीमारी का खतरा

**केशव टाइम्स**
**मुद्दा**

केटी न्यूज/डुमरांव

सूबे को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा इन दिनों लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का दूसरा फेज चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांवों में भी अब स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। हर पंचायतों में अब शहरों की तर्ज पर डोर टू डोर कूड़ा का उठाव किया जा रहा है। कूड़ा कचरा के समुचित निस्तारण के लिए वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। बता दें कि इसके पहले फेज में शहरी क्षेत्रों में भी वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट बनवाया गया था। लेकिन ताज्जुब है कि डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में अभी तक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट धरातल पर नहीं उतर सका है। जिस कारण लोगों के घरों से निकलने वाले कचरे को सफाई कर्मी विभिन्न सड़कों के किनारे यूं ही फेंक रहे हैं। लिहाजा हर महीने लाखों खर्च के बावजूद शहर में स्वच्छता अभियान का परिणाम सिफर नजर आ रहा है।

इस बात की तस्दीक भोजपुर राजवाहा पथ के किनारे वार्ड नंबर 33 के क्षेत्र में की जा सकती है। इस सड़क के करीब 100 मीटर के दायरे में कचरे का अंबार लगा हुआ है। कचरे के ढेर से उठने वाला सड़ांध वाली बदबू फिजां में जहर घोलने के साथ आस पास के लोगों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, हैजा जैसी महामारियों को बुलावा दे रही है। है। लेकिन सबकुछ जानते हुए भी नगर परिषद प्रशासन इस समस्या के समाधान के बजाय बेफिक्र बना हुआ है। **केशव टाइम्स** की टीम ने इस गंभीर मसले पर स्थानीय लोगों की रायशुमारी ली है। पेश है उनकी प्रतिक्रिया...



वार्ड नंबर 33 स्थित नहर मार्ग में सड़क के करीब 100 मीटर के दायरे में कचरे का अंबार लगा हुआ है। इधर से ही स्कूल समेत कई वाहन गुजरते हैं। फोटो मनीष

## बोले लोग... दुर्गंध के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल, जीना हुआ मुहाल



**नरसिंह पहलवान** – पूर्व वार्ड पार्षद नरसिंह पहलवान ने कहा कि सफाई के नाम पर नगर परिषद में लूट मची है। सार्वजनिक स्थान, नदी, तालाब, मंदिर और स्कूलों के करीब कूड़ा कचरा नहीं फेंकना है। लेकिन नगर परिषद इसका उल्लंघन कर रही है।



**तेतरी देवी** – गृहिणी तेतरी देवी की माने तो नहर मार्ग पर हर दिन बड़े पैमाने पर कूड़ा कचरा फेंका जाता है। जिससे उठने वाले दुर्गंध से अब घर में रहना भी मुश्किल हो रहा है। हर समय महामारी फैलने का खतरा बना रहता है।



**अभय कु. यादव** – नगर परिषद प्रशासन से कई बार कूड़ा कचरा को अन्यत्र फेंकने की गुहार लगाई गई। बावजूद नगर परिषद प्रशासन द्वारा अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। जिससे अब स्थिति गंभीर हो गई है। परेशानी बढ़ती जा रही है।



**फूल कुमारी देवी** – नगर परिषद घर से कूड़े का उठाव तो कर रहा है लेकिन कचरे को सड़क किनारे फेंक रहा है। इससे बदबू फैल रही है। इसके कारण आने-जाने में परेशानी होती है। बीमारी का डर सता रहा है। नगर परिषद इस ओर ध्यान दे।



**मोहन कुमार** – सामाजिक कार्यकर्ता कहते हैं, कचरा फेंके जाने से राजवाहा मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। पहले इस मार्ग पर हर दिन बड़ी संख्या में लोग मार्निंग वाक करते थे। दुर्गंध के कारण लोगों ने इस राह से गुजरना छोड़ दिया है।



**अजीत कुमार** – वार्ड 33 निवासी अजित कुमार ने कहा कि यह वार्ड पिछड़ा, अतिपिछड़ा तथा अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र है। नगर परिषद प्रशासन जानबूझकर उनके वार्ड में कूड़े का डंपिंग करा रहा है। जल्द ही इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन होगा।



**संतोषी देवी** – गृहणी संतोषी देवी की मानें तो नहर के किनारे कूड़ा कचरा फेंके जाने से हर समय महामारी फैलने का खतरा बना रहता है। पहले से ही हमारे वार्ड में जलजमाव की समस्या गंभीर थी, अब कूड़ा डंप किए जाने से जीना मुहाल हो गया है।



**लक्ष्मीनिया देवी** – इस पथ पर दर्जनों महिलाएं शाम में टहलने और महाकाल मंदिर में दर्शन करने जाती थी। लेकिन कूड़ा कचरा फेंके जाने से अब महिलाएं घर से बाहर नहीं निकल पा रही है। घर में भी कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध से परेशानी हो रही है।

### वार्ड पार्षद बोलीं... जल्द होगा आंदोलन



वार्ड 33 में सफाई व्यवस्था लचर है। नहर किनारे कूड़ा डंपिंग नहीं करने के लिए नगर परिषद प्रशासन को दो बार आवेदन दिया गया है लेकिन नगर परिषद प्रशासन उदासीन बना हुआ है। सफाई कर्मी भी नियमित नहीं आते हैं। कचरा डंपिंग के साथ ही इस वार्ड में जल जमाव की समस्या काफी गंभीर है। जल्द ही इन मुद्दों पर आंदोलन किया जाएगा।

– मीरा देवी, पार्षद, वार्ड 33

### नप के ईओ बोले... डंपिंग के लिए जगह का अभाव



डुमरांव में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माण के लिए जगह का अभाव है। सोवां में जगह मिल रहा है। वहां एनओसी लेने के बाद वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण करवाया जाएगा। जगह के अभाव में ही नहर के किनारे अस्थायी रूप से कूड़ा डंपिंग हो रहा है।

– अनिरूद्ध प्रसाद, ईओ, नगर परिषद डुमरांव

## बंजर हो रहे उर्वर खेत, सूख गए हैं कई बगीचे, कौन है जिम्मेवार

कूड़ा डंपिंग किए जाने तथा जलजमाव से वार्ड 33 के अंतर्गत आने वाले नहर मार्ग के दोनों किनारों के उर्वर खेत अब बंजर होने लगे है। कूड़े कचरों में कई खतरनाक केमिकल, प्लास्टिक आदि ऐसे तत्व अधिक संख्या में होते है जो मिट्टी की उर्वरा को नुकसान पहुंचाते है। इसके अलावे इस वार्ड के अपकारी गली के पीछे तथा संत कॉलोनी के बीच एक बड़े दायरे में पिछले दो वर्षों से अधिक समय से सेंट्रल नाला का पानी जमा है। जिस कारण इन खेतों पर खेती नहीं हो पा रही है। लंबे समय से गंदे पानी के जमाव से स्थिति विकट हो गई है। आस पास के लोगों में मच्छरजनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा गंदगी के फैलने वाले हैजा का खतरा बना हुआ है। अपकारी गली के संजय कुमार सिंह, मिस्टर मनोज, संत कॉलोनी के उपेन्द्र पाठक आदि ने बताया कि सेंट्रल नाला का पानी उनके वार्ड में गिरता है। जिस कारण पिछले दो वर्षों से उनके घर के चारों तरफ गंदे पानी का जमाव हो गया है। कई बार नगर परिषद प्रशासन से इस जलजमाव से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई गई है। जलजमाव तथा कूड़ा कचरा के कारण आस पास के किसान अब अपने कीमती व उर्वर खेतों को परती छोड़ने पर मजबूर हो रहे है। बता दें कि सेंट्रल नाला के पानी के कारण ही स्टेशन रोड में स्थित उद्यान विभाग का बागीचा पूरी तरह से सूख गया है। कई कीमती व दुर्लभ पेड़ सूख चुके है, जबकि खिरौली काली मंदिर परिसर में लगे पेड़ पौधे तथा प्रखंड कार्यालय के पीछे खिरौली के रिंकू चौबे द्वारा अपने निजी जमीन में लगा बागीचा भी सूख गया है। जिस कारण लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों ने कहा कि यदि नगर परिषद प्रशासन शीघ्र इस समस्या का निदान नहीं करती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## वार्ड 28 में गहराया पेयजल संकट आक्रोशित लोगों ने काटा बवाल



केटी न्यूज/डुमरांव

पानी की घोर कमी को लेकर शुक्रवार को वार्ड संख्या 28 के लोगों ने सड़क पर उतरकर नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश जताया। लोगों का कहना है कि गर्मी के कारण असहाय लोग पानी की घोर किल्लत झेल रहे है। वार्ड में कई जगहों पर चापाकल या तो खराब हो चुका है या पानी की सतह नीचे चले जाने से बेकार हो गया है। ऐसी स्थिति में लंबी दूरी तय कर लोग दूसरे वार्डों से पानी की जरूरतें पूरा कर रहे है।

कई महिलाओं ने बताया कि पानी नहीं आने से दिनचर्या बिगड़ गया है और समय से बच्चें स्कूल भी नही पहुंच पाते है। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि सोनू राय ने बताया कि इस समस्या को लेकर पिछले तीन अगस्त को ही नगर परिषद के इओ को इसकी लिखित जानकारी पार्षद सुभद्रा देवी द्वारा दिया गया है। उन्होंने बताया कि तिलक कमकर की गली में लगे चापाकल, पति कुर्मी की गली में दो चापाकल, डुमरेजनी रोड में लगे चापाकल, दक्षिण टोला सेंट्रल नाला के समीप लगाये गये चापाकल, वकील यादव के घर के समीप लगाया गया समरसेबुल पूरी तरह जर्जर हो गया है। वहीं महादेव दत्त की गली में दो चापाकल तथा मठिया के बगल में लगा बोरिंग काफी दिनों से बंद है, जिससे वार्ड में पानी की समस्या गंभीर बन गयी है। मोहल्ले के लोगों ने नप प्रशासन से चापाकल और बोरिंग की जल्द मरम्मत कराने की मांग किया है।

## चेहल्लुम पर आयोजित हुआ परंपरागत खेल, जहानपुर विजयी

**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय बजार में चेहल्लुम के मौके पर परंपरागत पैंतरेबाजी का खेल बाना बनैठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन हुसैनी कमेटी केसठ के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। जिसमें काराकाट जहानपुर व नोखा श्रीखंडा की टीम के बीच परंपरागत हथियारों से विभिन्न तरह के करतब का मुकाबला हुआ। खेल प्रतियोगिता की शुरूआत कुरान की तिलावत के साथ किया गया। प्रतियोगिता में गदका, तलवारबाजी, बनैठी, बाना, लाठी सहित कई तरह के खेल का करतब दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीणों ने खेल का खूब आनंद उठाया। खेल प्रतियोगिता करीब दोपहर 11 बजे से शुरू हुई और शाम करीब 6 बजे तक चला। जिसमें जहानपुर की टीम को गदका, तलवारबाजी सहित अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने को ले निर्णायक मंडली ने विजयि घोषित किया। इससे पहले खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, केसठ मुखिया अरविन्द यादव उर्फ गामा पहलवान, बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा, रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय, प्रमुख मुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

## मेडिकल कॉलेज का क्रेडिट लेने का प्रयास न करें सांसद: विधायक



केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने डुमरांव में निर्माण हो रहे मेडिकल कालेज और अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वहां काम कर रहे इंजीनियरों और काम करा रही कंपनी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि काम में किसी भी प्रकार की कमी बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह जिलेवासियों का बहुप्रतीक्षित सपना था जो अब पूरा हो रहा है। इस अस्पताल के निर्माण के लिए दो बार विधानसभा में सवाल उठाया गया और कई बार मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ मंत्री से आग्रह करने के पश्चात इस अस्पताल का काम शुरू हो चुका है। विधायक ने कहा कि स्थानीय सांसद ने पिछले पांच वर्षों में एक भी काम बक्सर जिला में नहीं किया है। अब वो जबरदस्ती अस्पताल का क्रेडिट लेने की कोशिश कर रहे हैं। जनता सब जानती है। इसके लिए बिहार सरकार ने 500 करोड़ दिया है। अभी तक केंद्र की ओर से किसी भी प्रकार का कोई मदद नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लगे सभी कर्मियों का पेमेंट भुगतान ससमय हो तथा उनकी सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए। एलएंडटी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिल्डिंग के निर्माण में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया है। विधायक ने कहा कि किसी तरह की समस्याएं आने पर हमें सूचित करें हम पूरी तरह से सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

## केंद्रीय कारा में निरूद्ध दुष्कर्म के आरोपी ने काटा गला

**बक्सर।** शुक्रवार को बक्सर केन्द्रीय कारा में बंद दुष्कर्म के आरोपी ने धारदार हथियार से अपना गला काट लिया। खून से लथपथ जब वह जमीन पर गिर छटपाटने लगा तब केन्द्रयी कारा कर्मियों को इस घटना की जानकारी हुई। इसके बाद आनन फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। घटना दोपहर एक बजे की है।

बताया जाता है कि शुक्रवार को ही उसकी मां, बहन तथा प्रेमिका उससे मिलने जेल पर आई थी। मिलकर जैसे ही परिजन वापस लौटे कि उसने धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया। कैदी की पहचान सिकरौल थाना क्षेत्र के दीवान के बड़का गांव निवासी सत्यनारायण चौधरी के 27 वर्षीय पुत्र बिट्ठु कुमार के रूप में हुई है। उस पर सिकरौल थाने में पॉस्को ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वह बक्सर केन्द्रीय कारा में पिछले सात महीने से बंद था। इस घटना के बाद केन्द्रीय कारा प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है। बड़ा सवाल यह है कि सेंट्रल जेल में उसके पास धारदार हथियार कहां से आया और जब वह अपना गला रेत रहा था तो उस दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कैदी क्या कर रहे थे। इस घटना के बाद यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि यदि कैदियों के पास धारदार हथियार पहुंच रहा है तो उनके बीच कभी भी गैंगवार हो सकती है।




## सदर अस्पताल में 38वां राष्ट्रीय नेत्रदान दिवस के तहत शिविर का आयोजन, बोलें सिविल सर्जन...

# नेत्रदान से मृत्यु के बाद भी आपकी आंखें देख सकती है दुनिया

केटी न्यूज/बक्सर



जिले के लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को 38वां राष्ट्रीय नेत्रदान दिवस मनाया गया। इस क्रम में सदर अस्पताल और पुराना सदर अस्पताल स्थित जीएनएम कॉलेज में नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य पदाधिकारियों और जीएनएम छात्राओं को नेत्रदान के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। ताकि, उनके माध्यम से लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जा सके। इस क्रम में सदर अस्पताल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया कि रक्तदान की तरह ही नेत्रदान भी महादान है। जिसके माध्यम से मृत्यु के बाद भी आपकी आंखें दुनिया देख सकती हैं। उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में नेत्रदान के महत्व के बारे में बड़े पैमाने पर जन जागरूकता पैदा करना है। लोगों को मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने के लिए प्रेरित करना है ताकि किसी के जीवन में प्रकाश आ जाए।

**नेत्रदाताओं को दिया जाएगा डोनर कार्ड :** शिविर में एसीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी आयु, लिंग या धर्म का कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया नेत्रदान दो व्यक्तियों को रोशनी प्रदान कर सकता है। नेत्रदान पूर्व संकल्प के बिना किया जा सकता है। नेत्रदाताओं को शपथ दिलाने के साथ-साथ डोनर कार्ड दिया जाएगा। कोई व्यक्ति जो चश्मा लगाता हो, मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवा चुके हो, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकता है। निकट दृष्टि दोष, दूरदर्शिता और दृष्टिवैषम्य जैसी दृष्टि समस्याओं वाले लोग अपनी आंखें दान कर सकते हैं। दाता का आयु कारक आमतौर पर अप्रासंगिक होता है। जैसा कि कोई भी मृतक अपनी आंखें दान कर सकता है। किसी भी लिंग का व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है।

**नेत्रदान के लिए परिवार की सहमति जरूरी :** वहीं, जीएनएम कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नेत्र सहायक संतोष कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति के छह घंटे के भीतर नेत्रदान किया जा सकता है। इसके लिए उनके परिवार की सहमति जरूरी है। उन्होंने बताया कि नेत्रदाता के आंखों को मृत्यु के बाद खुला न रहने दे, बंद पलकों पर गिली रूई य बर्फ की टुकड़ा रख कर आंखों को सुरक्षित रखा जा सकता है। एक व्यक्ति जिसे एड्स, हेपेटाइटिस सी, हेपेटाइटिस बी या किसी संचारी रोग जैसी बीमारियां हैं, वह अपनी आंखें दान नहीं कर सकता है। डूबने से मरने वाला व्यक्ति भी आंखें दान करने के योग्य नहीं होता।

# ताजिया जुलूस के दौरान रोड़ेबाजी, पत्थर फेंकने के आरोप में दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नगर थाना क्षेत्र के शीशमहल चौक पर गुरुवार की देर रात ताजिया जुलूस के दौरान रोड़ेबाजी हो गयी। चौक पर स्थित ज्वेलरी दुकान की छत से पत्थर फेंके जाने के बाद मामला बिगड़ने का आरोप लगाया जा रहा है। रोड़ेबाजी में जुलूस देखने आया एक युवक का सर फट गया। कुछ अन्य लोगों और पुलिस कर्मियों को भी चोटें आने की सूचना है। जिस घर की छत से पत्थर फेंके जाने का आरोप लगाया जा रहा है, उसकी खिड़की के शीशे भी चकनाचूर हो गये। उससे अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलते ही डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव समेत कई आला अधिकारी मौके पर पहुंच गये। अफसरों की ओर से स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। छत से पत्थर फेंकने के आरोपित दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें एक नशे में धुत बताया जा रहा है। वहीं शुक्रवार की सुबह नगर थाने में शांति समिति की बैठक भी की गयी। उसमें दोनों पक्षों की ओर से शांति बहाल रखने का भरोसा दिया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य है।



बताया जा रहा है कि रात करीब पौने ग्यारह बजे भलुहीपुर का ताजिया जुलूस शीशमहल (बड़ी) चौक पहुंचा था। तभी एक ज्वेलरी शॉप की छत से पत्थर चलाया जाने लगा। उसमें काजी टोला निवासी युवक का सर फट गया। कुछ महिलाएं और बच्चे भी मामूली रूप से जख्मी हो गए। इधर, अचानक रोड़ेबाजी से अफरातफरी और भगदड़ मच गयी। उसके बाद आक्रोशित लोगों की ओर से भी रोड़ेबाजी की गयी, जिसमें उस घर की खिड़की के शीशे टूट गये। सूचना मिलने पर डीएम, एसपी, एडीएम मनोज कुमार झा, एसडीओ लाला ज्योति नाथ सहदेव, एएसपी चंद्र प्रकाश और नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सहित कई अधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए। उसके बाद स्थिति को तत्काल नियंत्रित कर लिया गया। टीम पूरी रात मौके पर मौजूद रही। इलाके में गश्त भी की जाती रही।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि रात करीब पौने ग्यारह बजे जुलूस शीशमहल चौक के पास पहुंचा था, तभी एक ज्वेलरी शॉप की छत से एक युवक द्वारा पत्थर फेंक दिया गया। उससे एक युवक जख्मी हो गया। उसके कारण कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गयी थी। तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंच गयी और स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। छत पर दो भाई थे, जिसमें एक नशे में था। जांच में भी उसके द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुई है। उसी द्वारा पत्थर फेंके जाने की बात कही जा रही है। उसने भी अपनी गलती स्वीकार की है। दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया है। रोड़ेबाजी में शामिल अन्य लोगों की सीसीटीवी फुटेज से पहचान की जा रही है। कुछ लोगों को चिन्हित भी किया गया है। कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। शांति समिति की बैठक भी की गयी। उसमें दोनों पक्षों द्वारा आपसी सौहार्द बनाए रखने की बात कही। फिलहाल स्थिति बिल्कुल सामान्य है।

## भोजपुर पुलिस ने किया मैनेजर हत्याकांड और कार्नेट वादक लूट कांड का खुलासा

# लूट का विरोध करने के दौरान हुई थी रेस्टोरेंट मैनेजर की हत्या, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने पिछले माह हुई मुफस्सिल थाना क्षेत्र में कार्नेट वादक से लूट और रेस्टोरेंट मैनेजर की हत्या का खुलासा कर दिया है। जिसमें पता चला है कि रेस्टोरेंट मैनेजर की हत्या भी लूट का विरोध करने पर की गयी थी। एक ही आपराधिक गिरोह द्वारा दोनों घटनाओं को अंजाम दिया गया था। गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से लूट और हत्या में इस्तेमाल एक देसी कट्टा, एक गोली, रेस्टोरेंट मेनेजर से लूटा गया मोबाइल और वादक से छीना गया वाद्य यंत्र कार्नेट एवं बैग भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में उदंतनगर थाना क्षेत्र के कुसुमा गांव निवासी कमलेश पासवान और जुगेश पटेल शामिल हैं। दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है। कमलेश पासवान ने रेस्टोरेंट मैनेजर को गोली मारी थी, जबकि कट्टा की व्यवस्था जुगेश पटेल ने की थी। घटना में एक अन्य अपराधी की भी संलिप्तता सामने आयी है। पुलिस ने उसकी भी पहचान कर ली है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



- स्थानीय सूत्र व तकनीकी इनपुट के जरिए बदमाशों तक पहुंची पुलिस

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि 26 अगस्त की रात मुफस्सिल थाने के गरेया मठिया के पास लूटपाट के दौरान कृष्णगढ़ ओपी क्षेत्र के सरैंया निवासी हुसैन को गोली मारी गयी थी। उस दौरान उसके जीजा का बैग और वाद्ययंत्र कार्नेट छीना गया था। उसके ठीक अगले दिन 27 अगस्त की रात दौलतपुर पुल के पास बड़हरा थाना क्षेत्र के फरना गांव निवासी रेस्टोरेंट मैनेजर विशाल सिंह की गोली मार कर हत्या की गयी थी। लगातार हुई घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी और मामलों का खुलासा करने के लिए एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गयी थी। जांच में जुटी टीम की ओर से तकनीकी सूत्र के जरिए अपराधियों की पहचान की गयी। उसके बाद उदंतनगर बाजार से पहले कमलेश पासवान को गिरफ्तार किया गया। बाद में उसकी निशानदेही पर उदंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव से जुगेश पटेल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों से पूछताछ में दोनों घटनाओं का खुलासा हो गया। इनकी निशानदेही पर हत्या और लूट में इस्तेमाल देसी कट्टा, गोली, लूटा गया मोबाइल, कार्नेट और बैग भी बरामद किया गया। घटना में शामिल तीसरे अपराधी की पहचान कर ली गयी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**लूट के दौरान हुआ था झगड़ा और बदमाशों ने मारी थी गोली :** एसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आपराधिक प्रवृति के हैं, जो लूटपाट करते थे। उसी क्रम में 26 अगस्त की रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरेया मठिया के पास लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। उसी दिन एक और युवक को गोली मारी गयी थी। हालांकि उस दिन अपराधियों को कुछ खास हाथ नहीं लगा था। उसके बाद 27 अगस्त की रात तीन की संख्या में अपराधी दौलतपुर पुल के पास लूट की फिराक में थे। उसी दौरान घर लौट रहे रेस्टोरेंट मैनेजर की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने जुर्म स्वीकार भी किया है। एसपी ने बताया कि 27 अगस्त की रात तीनों बदमाश लूटपाट करने की मुफस्सिल थाने के दौलतपुर पुल के पास खड़े थे। उसी दौरान फरना गांव निवासी रेस्टोरेंट मैनेजर विशाल सिंह पहुंचे। वह बाइक खड़ी कर किसी से बात करने लगे। तभी तीनों अपराधी उनसे लूटपाट करने लगे। तब विशाल सिंह अपराधियों से उलझ गया। उस पर अपराधियों ने उनको को गोली मार दी। उसके बाद अपराधी उनका मोबाइल लेकर भाग गए। बाद में इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर विशाल सिंह को मृत घोषित कर दिया गया था।

## सीएसपी संचालक की बाइक से 94000 रुपए लेकर उचक्के फरार

**जहानाबाद।** शकुराबाद थाना क्षेत्र के कसुआ पंचायत अंतर्गत ग्राम कुंडिला सहबाजपुर के बीच में उच्चकों द्वारा पीएनबी संचालक की गाड़ी से बैग में रखा रुपए ले भागने में सफल रहने की बात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार कंसुआ गांव निवासी मो जाहिद पी एनबी बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र फौलादपुर बाजार में संचालक है। वहीं मो. जाहिद ग्राम महादेव बिगहा में जाकर पैसा की निकासी तथा जमा करने का कार्य प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को कार्य सम्पन्न कर करीब 12:30 बजे लौट रहा था। इस बीच वो सड़क किनारे बाइक खड़ी कर लघुशंका करने लगा। इसी बीच दो बाइक से पांच की संख्या में अचानक आये उच्चकों ने बाइक में टांगा हुआ बैग लेकर फरार हो गया। घटना के बाद संचालक ने शकूराबाद थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र स?चालक द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। जिस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जल्द ही उच्चके को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय में मना विश्व साक्षरता दिवस, किया गया जागरूक



**डुमरांव।** शुक्रवार को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर महादलित दलित एवं अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय नया बाजार में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन यिा गया। जिसमें संगीत प्रतियोगिता, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, अंताक्षरी, अंक दौड़, में महिलाओं ने बड़े ही रूचि से भाग लिया। मौके पर केआरपी लालसा कुमारी ने बताया कि इस केंद्र पर 20 असाक्षर महिलाओं को साक्षर करने का काम शिक्षा सेवक मंजू देवी कर रही हैं। इन महिलाओं को रोजाना एक से डेढ़ घंटा तक शिक्षा देती हैं। इनको साक्षर बनाने का काम करती है केआरपी लालसा कुमारी ने इन महिलाओं को अपने और अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने का आग्रह किया और कहा बच्चों को साफ सुथरा ड्रेस में नहा करके समय से विद्यालय भेजने का काम करें। उन्होंने महिलाओं को उनके हक की जानकारी दी और नियमित रूप से अपने केंद्र पर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्हें बताया कि इस केन्द्र पर केवल पढ़ना ही काम नहीं है उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। इस मौके पर केआरपी उषा कुमारी, जानकी देवी, रीता देवी, सोनम देवी, सोनिया देवी, फूल कुमारी देवी, फुलझरिया देवी आदि उपस्थित रही।

### जदयू कार्यकर्ताओं ने पोल खोल अभियान के तहत निकाला मशाल जुलूस, की गई नारेबाजी

**जहानाबाद।** जदयू प्रखंड इकाई के द्वारा पोल खोल अभियान चलाया जा रहा है। जिसके शुक्रवार को काको बाजार से विभिन्न स्थानों तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान जदयू पार्टी के नेताओं ने कहा कि मौजूदा केंद्र की भाजपा सरकार जो है वह जाति आधारित गणना का विरोधी है। वह कभी जनता की भला नहीं चाहती, इसलिए हम सभी पोल खोल अभियान चलाकार केंद्र सरकार के वास्तविक रूप को जनता तक लाने का कार्य कर रहें हैं। ताकि आगामी लोक सभा चुनाव में जनता सबक सिखा सकें। इस दौरान घोसी विधानसभा प्रभारी शत्रुघ्न पासवान सुनील पांडेय, काको प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष विनाय कुमार, विद्यार्थी सुनील कुमार चौधरी, नगर अध्यक्ष काको रविंद्र कुशवाहा, मीडिया प्रभारी चंदन कुमार, अनुसूचित जाती अध्यक्ष काको मिथलेश प्रसाद, श्रीराम जन्म सिंह यादव, बृजेश बिंद, संजय पंडित सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।




# आपसी विवाद में दोस्तों ने की थी सारण के युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- खाने-पीने को लेकर हुआ था विवाद, अन्य की तलाश तेज

जिले के गीधा औद्योगिक क्षेत्र में सारण निवासी युवक संतोष साह की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दोस्तों ने खाने-पीने के दौरान आपसी विवाद में उसकी हत्या की थी। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनमें छपरा के अवतार नगर थाना क्षेत्र के प्रतापुर गांव निवासी मुकेश साह और भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के खरांटी गांव निवासी रामलखन सिंह शामिल हैं। दोनों ने वारदात को अंजाम देने में शामिल होने की बात स्वीकार की है। जिनकी निशानदेही पर अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिएउ छापेमारी जारी है।



एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सारण के अवतार नगर थाना क्षेत्र के छोटामी गांव निवासी नसमीप उसकी लाश मिली। जिसमें मृतक के चाचा बिरजू साह चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिनमें सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र के आमी गांव निवासी शैलेश? साह, उसके पुत्र करण साह, अर्जुन सिंह और प्रतापपुर गांव निवासी मुकेश साह को आरोपित किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी और हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम में शामिल ओपी इंचार्ज प्रियाशीला ने बीती रात सीमेंट फैक्ट्री कैंपस से खरांटी निवासी रामलखन सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद प्रतापपुर गांव निवासी मुकेश साह को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि लड़के सीमेंट पाइप फैक्ट्री में काम करते थे और एक साथ रहते थे। घटना की रात खाने पीने के दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हो गयी। उसमें संतोष साह की मौत हो गयी थी। उससे सभी डर गये और साक्ष्य मिटाने को शव को पानी टंकी के पास फेंक दिया था। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

# मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष के घर में घुस मारपीट, विरोध में सड़क जाम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुखिया संघ की अध्यक्ष कविता देवी व उनके पति मुन्ना चौबे के साथ घर में घुस नामजदों द्वारा मारपीट की गई है। इस मामले में स्थानीय सिकरौल पुलिस पर दो आरोपियों को पकड़ने के बाद छोड़ देने का आरोप लगा मुखिया समर्थकों ने बक्सर सिकरौल मार्ग को घंटो जाम कर दिया। बाद में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार इटाढ़ी प्रखंड के बड़का गांव की मुखिया कविता देवी भखवा गांव की रहने वाली है। यह इलाका सिकरौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उनका सुजीत कुमार चौबे के साथ जमीन व पैसे के लेन देन का विवाद चल रहा था। इसी विवाद में सुजीत ने शुक्रवार को अपने रिश्तेदार चक्की के मुकुलानंद पांडेय उर्फ पिंटू पांडेय तथा डब्लू चौबे ने मिलकर मुखिया के घर पर हमला कर दिया। इस दौरान मुखिया तथा उनके पति की पिटाई की गई तथा पंचायत से जुड़े कागजातों को भी उठा ले गए। मुखिया पति द्वारा इसकी सूचना सिकरौल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची सिकरौल पुलिस ने एक थार जीप को बरामद किया। वही पिंटू पांडेय तथा उसके चालक को भी पकड़ा गया था। लेकिन सिकरौल पहुंचते ही उन्हें पुलिस ने छोड़ दिया। इसी बात से नाराज मुखिया समर्थकों ने बक्सर सिकरौल मार्ग को जाम कर दिया था। लेकिन एसडीपीओ ने उन्हें समझा बुझाकर शांत कराया। इस दौरान सिकरौल के साथ ही आस पास के कई थानों की पुलिस भी वहां पहुंची थी। बाद में मुखिया संघ की जिलाध्यक्ष कविता कुमारी के बयान पर आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

## हाथीपांव से बचने के लिए अभियान के दौरान करें दवा का सेवन

# हाथीपांव अनुवांशिक नहीं संक्रामक बीमारी

**केटी न्यूज/आरा**

फाइलेरिया यानी हाथी पांव को लेकर आज भी लोगों में अलग धारणा बनी हुई है। कहीं-कहीं लोग आज भी इसे अनुवांशिक रोगी मानते हैं, जबकि फाइलेरिया एक बीमारी है। फाइलेरिया क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से फैलता है और यह मच्छर घर में यदि एक से अधिक लोगों काटता है तो फलेरिया होने की संभावना अधिक हो जाती है, हालांकि इसका लक्षण 10 से 12 वर्षों के बाद दिखाई देता है। लोग इसे अनुवांशिक रोग मान लेते हैं, जबकि यह एक संक्रामक बीमारी है। लोगों को समझना होगा कि सावधानी ही बचाव है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि फाइलेरिया को लेकर अभी भी लोगों में जागरूकता का अभाव देखा जा रहा है और कहीं-कहीं लोग आज भी इसे जेनेटिक (अनुवांशिक) रोग ही मान रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया बीमारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को जागरूक कर-के बताया जा रहा है कि यह एक जेनेटिक बीमारी नहीं है बल्कि यह एक संक्रामक बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में मच्छरों के काटने से फैलता है। उन्होंने बताया कि यह मुख्यतः क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों से काटने से फैलता है।



**जिले में है हाथी पांव के मरीज :** एसीएमओ डॉ. सिन्हा ने बताया कि जिले में कई हाथीपांव के मरीज मौजूद है। फाइलेरिया एक खतरनाक बीमारी है। यदि यह किसी को हो गया तो ठीक नहीं किया जा सकता ना दवा से न सर्जरी से। क्योंकि फाइलेरिया का अभी तक देश में कही भी सर्जरी मौजूद नहीं है। वही थोड़ी सी सावधानी बरती जाए तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया की इस बीमारी से बचने के लिए सरकार द्वारा लगातार सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाता है जिसमे एलबेंडाजोल एवं डी ई सी का दवा का सेवन करवा कर इस रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया की सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष यह अभियान चलाया जाता है। यदि पांच साल तक दवा का सेवन कर लिया जाए तो फाइलेरिया होने की संभावना खत्म हो जाएगा। यह अभियान 20 सितंबर से शुरू हो रहा है इसलिए इस अभियान में सभी लोग दवा खाएं।

## करंट की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**जहानाबाद।** प्रसबीघा थाना क्षेत्र के सोहरैया पंचायत के विशुन बीघा गांव में शुक्रवार की दोपहर में विद्युत स्पशार्घात की चपेट में आ जाने से एक 62वर्षीय वृद्ध महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना में बिनेसवरी यादव के 62वर्षीय पत्नी राजकुमारी देवी की मौत हो गई है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि बिनेसवरी देवी अपने घर से चंदौरा गांव के बधार में घास गढ़ने गई थी,इसी दौरान बधार में बिजली प्रभावित तार की चपेट में आ गया। जिससे उनकी मौत मौके पर ही हो गई। हालांकि, विद्युत करंट की चपेट में आने की जानकारी मिलते ही परिजनों व स्थानीय लोगों ने बधार में पहुंच कर वृद्ध महिला को देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।






# बड़ी जीत: घोसी उपचुनाव में सपा के सुधाकर सिंह 42759 वोटों से वियजी

◆ सुधाकर सिंह ने भाजपा के दारा सिंह चौहान को हराया

केटी न्यूज/मऊ

इंडिया और एनडीए की पहली लड़ाई कही जाने वाली घोसी विधानसभा की सीट सपा ने जीत ली है। सपा के सुधाकर सिंह ने भाजपा के दारा सिंह चौहान को बड़े अंतर से हरा दिया है। सुधाकर सिंह को 42 हजार 759 वोटों से जीत मिली है। यहां सपा पहले ही राउंड से बढ़त बनाए हुए थी। कहा जा रहा है कि सपा की यह जीत न सिर्फ भाजपा बल्कि उसके सहयोगी दलों सुभासपा के ओपी राजभर, अपना दल के अनुप्रिया पटले और आशीष पटेल, निषाद पार्टी से संजय निषाद के लिए भी बड़ा झटका मानी जा रही है। सपा के सुधाकर सिंह को 1 लाख 24 हजार 427 वोट मिले। भाजपा के दारा सिंह को 81 हजार 668 वोट ही मिल सके हैं। तीसरे नंबर पर पीस पार्टी के सनाउल्लाह रहे। उन्हें 2570 वोट मिले। चौथे पर जनअधिकार पार्टी के के अफरोज आलम और पांचवे पर 1725 वोट पाकर नोटा रहा। भाजपा ने इस सीट को जीतने के लिए मंत्रियों की फौज उतार दी थी। करीब दो दर्जन मंत्री लगातार यहां कैंप कर रहे थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद और ब्रजेश पाठक ने भी कई दिनों तक प्रचार किया था।

ओपी राजभर, आशीष पटेल, संजय निषाद ने भी अपनी जाति के वोटरों को लुभाने के लिए लगातार दौरे कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र में 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने



मंगलवार (पांच सितंबर) को उपचुनाव के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था, जो विपक्षी गठबंधन इंडिया के गठन के बाद राज्य में पहला चुनावी मुकाबला था। पिछले साल के विधानसभा चुनाव में घोसी में 58.59 प्रतिशत मतदान हुआ था। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, पांच सितंबर को हुए विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत 50.77 दर्ज किया गया था। सपा के टिकट पर 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में यह सीट जीतने वाले दारा सिंह चौहान के जुलाई में इस्तीफे के बाद यहां उपचुनाव जरूरी हो गया था।

सपा से इस्तीफा देकर चौहान फिर भाजपा में लौट आए थे। भाजपा ने उन्हें उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन सपा ने उनके मुकाबले सुधाकर सिंह को मैदान में उतारा। साल 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में चौहान ने भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार राजभर को 22,216 मतों के अंतर से हराया था। इस उपचुनाव में चौहान को राजग के सहयोगियों... अपना दल (सोनेलाल), निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) पार्टी और पूर्व सपा सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का समर्थन मिला है। दूसरी ओर सपा उम्मीदवार सुधाकर सिंह को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों - कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), राष्ट्रीय लोक दल (रालोद), आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (भाकपा-माले)-लिबरेशन और सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी का समर्थन मिला है। हालांकि उपचुनाव के नतीजे का भाजपा सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जिसे 403 सदस्यीय राज्य विधानसभा में अच्छा बहुमत हासिल है। इसका परिणाम 2024 के लोकसभा चुनाव के लिहाज से एक संकेत हो सकता है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीट हैं। इस उपचुनाव में कुल 10 उम्मीदवार मैदान में थे। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था।

# एआईएमआईएम पार्टी ने पत्रकार प्रदीप चौरसिया को दी श्रद्धांजलि



केटी न्यूज/बलिया

◆ निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे प्रदीप चौरसिया : शमीम खान

नगर के बहेरी स्थित एआईएमआईएम के कैंप कार्यालय पर शुक्रवार की दोपहर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौरसिया के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख उनकी गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और दुआ मांगी गई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार स्व. प्रदीप चौरसिया ने अपने पूरे जीवन में गरीब मजलूम की आवाज उठाते रहे। पत्रकारिता जगत में उनका एक अहम मुकाम था, वो निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने पूरी जिंदगी में कभी भी पत्रकारिता के साथ समझौता नहीं किया था, हमने हमेशा प्यार दुलार देने वाले अपने अभिभावक खो दिया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदसीर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, जिला सचिव दीपक यादव, जिला कार्यसमिति का सदस्य नियाज अहमद, सनाउल्लाह खान, संपत लाल, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम मौजूद रहे।

## तिरंगे में लिपटा हुआ पहुंचा शहीद जवान का पार्थिव शरीर, मचा कोहराम

# अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी पर तैनात जवान की बदमाशों ने चाकू मार की हत्या

केटी न्यूज/बलिया

तिरंगे में लिपटे शहीद जवान का पार्थिव शरीर पहुंचते ही घर-परिवार में जहां कोहराम मच गया, वहीं हजारों की भीड़ अपने माटी के लाल के दर्शन को उमड पड़ी। हर कोई अपने लाल की एक झलक पाने को बेचैन था। सुनील पांडेय अमर रहे, अमर रहे... की गूंज के बीच लोगों के चेहरे पर हत्यारों के खिलाफ गुस्सा साफ दिख रहा था। हजारों की संख्या में तिरंगे के साथ शहीद जवान की शव यात्रा निकाली, जो गंगा नदी के हुकुमछपरा घाट पर पहुंची। वहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि 12 वर्षीय पुत्र सत्यम ने दी। इससे पहले सीआरपीएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हवा में तीन चक्र फायरिंग कर अपने साथी को अंतिम विदाई दी।

रेवती थाना क्षेत्र के रामपुर दिघार निवासी सुनील कुमार पांडेय (38) पुत्र रामनाथ पांडेय सीआरपीएफ में थे। उनकी तैनाती अरूणाचल प्रदेश में थी। कुछ दिन पहले ही छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे सुनील अन्य जवानों के साथ सादे वेश में असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा चेक गेट पर बुधवार को ड्यूटी पर थे। बताया जा रहा है कि इसी बीच बाइक से पहुंचे दो संदिग्धों को जवानों ने पकड़ने की कोशिश की, तभी संदिग्धों ने सुनील पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। घायल सुनील को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को ताबूत में रखा शव लेकर दर्जनों जवानों के साथ सीआरपीएफ के आइजी वाराणसी सतपाल रावत, एसपी सुरेंद्र चौधरी, कमांडेंट अनील वृक्ष, सीओ अभिषेक कुमार व इंस्पेक्टर विष्णु कान्त दूबे शहीद जवान सुनील कुमार पांडेय के पैतृक गांव रामपुर पहुंचे, जहां हजारों की भीड़ अपने लाल के दर्शन को उमड़ पड़ी। यहां सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के साथ ही जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक एस आनंद, सीओ बैरिया उस्मान कुमार, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह के साथ ही साथ ही दर्जनों लोगों ने शहीद के पार्थिव पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।



### शहीद के नाम बनेगी सड़क : वीरेंद्र सिंह मस्त

ग्रामीणों की मांग पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने शहीद के नाम पर सड़क व गेट बनवाने का आश्वासन दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मिलने वाली हर सहायता राशि उपलब्ध कराने में हर संभव मदद की जाएगी।

### शव पहुंचते ही बेसुध हुई पत्नी

ताबूत में रखा जवान का शव घर पहुंचते ही पत्नी अर्चना बेसुध हो गई। पति के शव से लिपटकर जहां अर्चना बेसुध हो जा रही थी, वहीं दूसरी तरफ 12 वर्षीय बेटा सत्यम तथा सात वर्षीय बेटा अनमोल पिता के शव को देख बिलख रहे थे। नादान बेटे कभी मां और बाबा-मइया को देख रहे थे तो कभी ताबूत में सोये पापा को। बुजुर्ग पिता रामनाथ पाण्डेय की आंखें शून्य को देख रही थी। बड़ा भाई अनिल का रोते-रोते बुरा हाल था। माता विद्यावती देवी रोते हुए बार-बार यह कह रही थी कि हे भगवान मेरे बेटे की जगह मुझको क्यों नहीं उठा लिया।

## करंट की चपेट में आने से भूतपूर्व सैनिक की मौत



**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर दियर नंबरी में बीती रात करंट की चपेट में आने से भूतपूर्व सैनिक की मौत हो गई। शुक्रवार की शाम शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दाह संस्कार किया गया। परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गुरुवार की रात लगभग दस बजे गांव में बिजली कटौती के दौरान केदार सिंह स्विच बोर्ड में तार लगा रहे थे तभी अचानक करंट आ गई, जिससे केदार सिंह बुरी तरह घायल हो गए। आनन–फानन में परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया तथा शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। दूसरे दिन यानी शुक्रवार की शाम चार बजे शव का पोस्टमार्टम हुआ।

**तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार :** मऊ।चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के हाफिजपुर चट्टी के पास से प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सरोज ने रात को लगभग डेढ़ बजे घेराबंदी कर दिव्य मोहन पाण्डेय निवासी सा० जमीन बुढ़ान को गिरफ्तार कर लिया, जब वह घटना को अंजाम देने की फिराक में था।




## कोतवाली के गेट के बाहर धरना दिया

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्या मपूर स्थिति एक चर्च के विरुद्ध विश्व हिंदू महासभा के कार्यकताओं द्वारा गत दिनों धर्मांतरण आदिमामलों को लेकर स्थानीय कोतवाली में पादरी समेत 10 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने एवं गुरुवार को चर्च के पादरी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के मामले को लेकर शुक्रवार को प्रातः उनके अनुयायियों द्वारा सैकड़ो की संख्या में महिलाओं तथा पुरुषों ने स्थानिक कोतवाली के गेट के बाहर धरना दिया। अनुयायियों की यह मांग थी कि पादरी के ऊपर जो भी मुकदमे दर्ज कराए गए हैं वह सब बे बुनियाद तथा गलत है, जबकि वहां पर मात्र प्रार्थना सभा होती है जिसको लेकर अनुयायियों ने सुबह से ही कोतवाली गेट के बाहर धरना दिए।

# खाता ना बही, पुलिस जो बोले वही सही

◆ पीड़ित पक्ष का आरोप, आरोपियों को पैसा लेकर छोड़ दिया पुलिस

तिलक कुमार/बलिया

महिलाओं की सुरक्षा और स्वाभिमान पर तमाम तामझाम के बावजूद योगी की पुलिस आरोपियों को चौकी पर बुलाकर कार्रवाई करने के बजाय छोड़ दिया। निराश और बेबश मां थक हारकर शुक्रवार को जब एसपी से गुहार लगाई तो एसपी ने शहर कोतवाल निर्देश दिया कि मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज किया जाए। इसके बाद पीड़ित मां ने दोनों किशोरियों को कोतवाली ले गई और तहरीर दी। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक मुकदमा दर्ज करती है।

### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: कोतवाल

बलिया। शहर कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि मामले की तनिक भी जानकारी मुझे नहीं थी, एसपी का निर्देश मिला है, जांच कर दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

बताया जाता है कि शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ले की रहने वाली मां ने अपनी दो किशोरी बेटियों के साथ एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित किशोरियों के मुताबिक बीते 5 सितंबर की शाम वे लोग अपने घर पर पढ़ाई कर रही थी। इसबीच दरवाजा पीटने की आवाज सुनाई दी तो किशोरियों को लगा कि मां आई है, जैसे ही दरवाजा किशोरियों ने खोला तो आरोपियों ने हम लोगों को यह कहते हुए लेकर गए कि चलो हमारे साथ वरना तुम्हारे भाई को जान से मार देंगे। इसके बाद आरोपी हम दोनों बहनों को अपने घर में ले गए, जहां दोनों आरोपियों की मां और बहन ने हम लोगों से कहा कि तुम लोग शादी कर लो, जब हम लोगों ने इनकार किया तो हम दोनों को एक कमरे में ले जाकर बंद कर दिए। इसके बाद मेरी मां हम दोनों को खोजते खोजते मौके पर आ गई, चूंकि हम लोगों की चप्पल बाहरी थी जिस पर मेरी मां को शंका हुई और डायल 112 नंबर पर सूचना दी, मौके पर 112 नंबर की पुलिस आकर हम लोगों को बंद कमरे से बरामद भी किया। दूसरे दिन यानी 6 सितंबर को हम लोग जापलिनगंज चौकी में गए।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

# क्यामपुर के धनंजय ने जीती प्रतियोगिता

केटी न्यूज/मऊ

मोहम्मदाबाद गोहना शिव मंदिर सेवा समिति रोडवेज के निकट गुरुवार रात्रि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर एक मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में कस्बे की टीम एवं ग्राम कबीराबाद, क्यामपूर, बरहदपुर एवं खड़कीलिया के कुल पांच प्रतिभागियों द्वारा इस मटका फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता रात्रि 8:00 बजे से प्रारंभ होकर लगभग 12:00 बजे रात्रि तक चली जहां अंतिम दौर में क्यामपुर की टीम के प्रतिभागी धनंजय यादव द्वारा मटका फोड़ कर विजय श्री हासिल किया।

इस अवसर पर कस्बे के वरिष्ठ सर्जन डॉ प्रवीण कुमार मद्धेशिया एवं नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहाना के चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड व्यापार मंडल के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता समेत शिव मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी ने धनंजय यादव को दो शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आशीष गुप्ता, आनंद कुमार, सोहन, अमर गुप्ता, पंकज चौहान, राजकुमार गुप्ता, अरविंद कुमार समेत मंदिर समिति के लोग मौजूद रहे।



## 90 वृद्ध महिला तथा पुरुषों को फल एवं साल वितरित

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित वृद्ध आश्रम में सीएससी के मेडिकल ऑफिसर डॉ आनंद कुमार एवं डॉक्टर सरोजिनी प्रसाद ने वृद्ध आश्रम के 90 वृद्ध महिला तथा पुरुषों को फल एवं साल वितरित कर इस दुख की घड़ी में अपना साथ दिया। इस मौके पर डॉक्टर आनंद कुमार ने कहा कि मां–बाप की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है। जिन्होंने हमें जन्म दिया है हम लोग उसी मां–बाप को छोड़ देते हैं बहुत बड़ा पाप है। मां–बाप से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं है। इस मौके पर वृद्ध आश्रम की प्रबंधक लक्ष्मी राम प्रसाद समेत अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी भी साथ रहे।



## जंगीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष के प्रतिनिधि से मांगे थे 20 लाख

# गाजीपुर में रंगदारी मांगने वाले दो अरेस्ट

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद पुलिस ने नगर पंचायत जंगीपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि से 20 लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से असलहा व कारतूस भी बरामद किया है। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। नगर पंचायत जंगीपुर के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि लालजी गुप्ता को 20 लाख रुपये की मोबाइल व्हाट्सएप के माध्यम से रंगदारी मांगने वाले दो शातिर अपराधी तथा एक बाल अपचारी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।



बता दें कि बीते 31 अगस्त को लालजी गुप्ता उपरोक्त की सूचना पर मु0अ0सं0 132/2023 धारा 387, 504, 506 भादवि बनाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी विवेचना के क्रम में स्थानीय पुलिल तथा जनपदीय स्वाट/ सर्विलांस टीम के सहयोग से घटना का सफल अनावरण करते हुए रंगदारी माँगने वाले अभियुक्तगण सुनील उर्फ सोनू यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम जमसड़ा थाना दुल्लहपुर गाजीपुर व गोलू यादव पुत्र दीना यादव निवासी कृष्णानगर वार्ड नं0 08 अहिरपुरवा थाना जंगीपुर गाजीपुर तथा काल्पनिक नाम सोनू (बाल अपचारी) को बुधवार को अभियुक्त गोलू यादव के मकान से गिरफ्तार किया गया। सुनील उर्फ सोनू यादव के पास से एक देशी तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में एक व्यक्ति जिसका नाम विवेक सिंह उर्फ करिया सिंह पुत्र अनिल सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी निवासी ग्राम सोनहरा, दुल्लहपुर, गाजीपुर का नाम प्रकाश में आया है गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्द विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाला गया जेल



चंदौली। सदर कोतवाली पुलिस ने डिग्घी गांव के एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसने पँचजन्य नामक आईडी पर भगवान राम को गाली दिया था। मामले की जानकारी होने के बाद इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने हल्का इंचार्ज को भेज युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरअसल मामले को पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने गभीरता से लेते हुए कहा कि पुलिस शोसल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफार्म पर नजर रखे हुए है। ऐसे किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नही जाएगा। जिसके भाषण, पोस्ट आदि से किसी भी धर्म या समुदाय को ठेस पहुंचाने वाला होगा। उसी क्रम में सदर इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने डिग्घी के मोहम्मद सुहेल खां पुत्र कयामुद्दीन (28) को हल्का इंचार्ज विजय राज ने गिरफ्तार कर धारा 153ए, 295 ए,504 व 67 आईटी एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

## ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का सिर कटा शव

**गाजीपुर।** पंडित दिनदयाल उपाध्याय दानापुर रेल खंड के भदौरा दिलदारनगर रेलवे स्टेशन के बीच उसियां हाल्ट रेलवे स्टेशन के आगे करवनीया डेरा के पास किमी संख्या 691/28-26 के मध्य आज दोपहर डाउन रेल पटरी के पास 28 वर्षीय अज्ञात युवक का सिर कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना लोगों ने दिलदारनगर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक चंद्र शंकर मिश्रा ने बताया कि युवक ब्लू रंग का जिंस पैंट व सफेद रंग का शर्ट पहना है। तलाशी के दौरान युवक के पास से कुछ नहीं मिला। जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। उधर ग्रामीणों का कहना था कि शव को देख यह प्रतीत हो रहा है कि युवक ने रेल पटरी पर गर्दन रख आत्महत्या की है। प्रभारी निरीक्षक महेश पाल सिंह ने बताया कि शव के शिनाख्त का प्रयास इंटरनेट मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है।

## जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल का गृह जनपद में हुआ भव्य स्वागत



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा दो दिवसीय दौरे के दौरान आज बाबतपुर हवाई अड्डे से सीधे गाजीपुर पहुंचे। यहां उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कांफ्रेंस हाल में लगभग एक घंटे तक लोगों से मुलाकात कर हाल चाल पूछा। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में मा उप राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और वो काफिले के साथ अपने पैतृक गांव मोहनपुरा के लिए रवाना हो गए।

इससे पहले वाराणसी के बाबतपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मनोज सिन्हा के पहुंचने पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद से पहुंचे शुभचिंतकों की भारी भीड़ ने जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शोभनाथ यादव, महामंत्री प्रवीण सिंह, ओमप्रकाश राय, सुनील सिंह , संकठा प्रसाद मिश्र, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता पप्पू चौबे, मनीष वर्मा,मन्नू राजभर आदि मौजूद रहे। उप राज्यपाल का सिधौना मे श्यामकुवर मौर्य, अचल सिंह, सैदपुर में अश्विनी पांडेय संतोष चौहान, पहाड़पुर में प्रवीण त्रिपाठी, नंदगंज मे विनीत शर्मा तथा महाराजगंज मे गोपाल राय के नेतृत्व में भारी स्वागत अभिनन्दन किया गया।

# तीन भारी वाहनों के बीच टक्कर चालक की मौत, क्लीनर घायल

**केटी न्यूज/ चंदौली**

सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भिखारीपुर गांव के समीप नेशनल हाईवे - दो पर अलसुबह तीन भारी वाहनों की जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक दुग्ध वाहन चालक की मौत हो गई. जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर एनएचएआई हेल्पलाइन की टीम के साथ चंदौली पुलिस ने रेस्क्यू कर चालक के शव को बाहर निकाला। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि तीन भारी वाहन वाराणसी से बिहार की तरफ जा रहे थे।सबसे आगे चल चल रहे चावल लोडेड ट्रक में दाल लोडेड ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी.जिसके बाद तेज रफ्तार में आ रही दुग्ध लोडेड टैंकर ने भी पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद चावल लोडेड ट्रक चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया, वहीं इस जोरदार टक्कर के बाद दाल लदी ट्रक हाईवे की डिवाइडर पर चढ़ गई, जबकि दुग्ध टैंकर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर एनएचएआई हेल्पलाइन की टीम के



साथ सदर थाना प्रभारी राजीव सिंह के नेतृत्व में मयफोर्स पहुंच गई।काफी देर तक चले रेस्क्यू के बाद केबिन में फंसे दुग्ध वाहन चालक को बाहर निकाला गया, लेकिन मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी।वहीं केबिन में फंसा क्लीनर राजकुमार चौधरी 25 वर्ष, निवासी गया बिहार गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज जिला अस्पताल भिजवाया गया। मृत चालक सुधीर कुमार उम्र 36 वर्ष निवासी नीमचक बिगहा, गया बिहार के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवा दिया। सदर थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घायल और मृत व्यक्ति के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

## लाखों के सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के गुरेरा गांव में बिती रात चोरों ने छत के रास्ते चढ़कर घर में प्रवेश कर 60 हजार नगदी सहित लाखों रुपए मूल्य के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। बता दें कि गुरेरा निवासी नरेन्द्र यादव का पूरा परिवार बृहस्पतिवार को घर के बगल मन्दिर पर जनमाष्टी का पर्व मना रहा था कि चोरों ने मौका पाकर छत के रास्ते घर में प्रवेश कर आराम से घर को खंगाला। जिसमें 60 हजार नकदी, सिंकड़ी सोने की 4 नग, सोने की बिन्दी 2 नग, मंगलसूत्र 1नग, नथियां एक, मांगटीका एक, पायल चांदी दो नग, चादी का सिक्का दो नग, हसुली चॉदी का एक नग, पैजनी चॉदी का दो नग पर लेकर चले गये। वही पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुँचकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। वही परिजनों ने सुबह थाना पर पहुँचकर लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई।

## सोशल मीडिया पर नकारात्मकता न फैलाएं, नहीं तो कार्रवाई तयः एसपी

♦ पुलिस अधीक्षक ने की शहर वासियों से अपील

**केटी न्यूज/ चंदौली**

आपके द्वारा की गई कोई ऐसी पोस्ट जो किसी की भावनाएं आहत करती हो जो तथ्यों के रूप में भ्रामक हो और समाज में नकारात्मकता फैलाती हो। ऐसी गलती करने वाले को पुलिस कतई बख्शने के मूड में नहीं है। ऐसे खुराफाती और असामाजिक तत्वों के लिए पुलिस द्वारा 24 घंटे सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार द्वारा जनपद वासियों से सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने/ भ्रामक सूचना पोस्ट/ आपत्तिजनक पोस्ट साम्प्रदायिक/ जातिगत विद्वेष / कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली पोस्ट / देश विरोधी पोस्ट, देश के महापुरूषों व गणमान्य नागरिकों के लिए की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी करने से बचने की अपील की है। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर आपत्तिजनक पोस्ट व मैसेज करने से बचने और उन्हें फॉरवर्ड न करने के लिए निवेदन किया है। जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर 24x7 निरन्तर निगरानी व सतर्कता दृष्टि रखी जा रही है। यदि किसी के द्वारा किसी माध्यम से साम्प्रदायिक, जातिगत, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले टिप्पणी अथवा भ्रामक पोस्ट किया जाता है।




## महिलाओं के लिए घर से बाहर तक सुरक्षा के लिए पोर्टल की हुई शुरूआत



**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान वहीं घर के अंदर से लेकर बाहर और उनके आफिस तक हर जगह आधी आबादी को पूरी सुरक्षा प्रदान करने के लिए शी-बाक्स पोर्टल की शुरूआत की गई। साथ ही इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी लाइन आशुतोष ने बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का सामना करने वाली कोई भी महिला इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। एक बार शिकायत शी-बॉक्स में जमा होने के बाद इसे सीधे मामले में कार्रवाई करने के अधिकार क्षेत्र वाले संबंधित प्राधिकारी को भेजा जाता है। कहा कि महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न से मुक्त एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के उद्देश्य से इस पोर्टल को शुरू किया गया है। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम (एसएच अधिनियम) है। संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने व उनकी शिकायतों को निपटाने के लिए एक निवारण तंत्र- यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रानिक बाक्स बनाया गया है।

## लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए टीकाकरण का निर्देश



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) के नियंत्रण एवं निगरानी के लिए वर्चुवल बैठक ली गई। जिसमें लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए दिशा निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि यह एक वायरल बीमारी है, जो कैप्रीपाक्स नाम वायरस से होती है। इस बीमारी से मुख्यतः गोवंशीय पशु प्रभावित होते हैं। इस बीमारी के रोकथाम के लिए विशेष सर्तकता बरतते हुए टीकाकरण का निर्देश दिया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस बीमारी से पशुओं को तेज बुखार, ऑख व नाक से पानी गिरना, पैरों में सूजन, पूरे शरीर में कठोर एवं चपटी गॉठ उभर आना, गाभिन पशुओ का गर्भपात, दुधारू पशुओ आदि प्रकार के लक्षण पाये जाते है। कभी-कभी सम्पूर्ण शरीर की चमड़ी विशेष रूप से सिर, गर्दन, थूथन, थनों गुदा व अंडकोष या योनिमुख के बीच के भाग पर गॉठो के उभार बन जाते है तथा पूरा शरीर गॉठो से ढक जाता है। रोग का प्रसार रोग का विषाणु, बीमार पशु के लार, नासिक स्त्राव, दूध एवं वीर्य में पाये जाते है। बीमार पशु के सीधे सम्पर्क में आने से या रोगग्रस्त पशु के स्त्राव से प्रदूषित चारा, पानी खाने से स्वस्थ पशु बीमार हो सकता है।




## केंद्र द्वारा संचालित एनएटीएस में पंजीकृत प्रशिक्षुओं को ही मिल सकेगा योजना का लाभ

# 83 हजार युवाओं को मिलेगा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना का लाभ

♦ डिप्लोमा होल्डर्स के साथ ही किसी भी स्ट्रीम में स्नातक छात्रों को भी अप्रेंटिस का मौका

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हाल ही में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) में डिप्लोमा होल्डर्स के साथ ही किसी भी स्ट्रीम में स्नातक छात्रों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है।

इसके तहत 2023-24 में प्रदेश सरकार ने 83,000 युवाओं को नियोजित करने का लक्ष्य रखा है।




इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के बजट में योगी सरकार ने 100 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया है। उल्लेखनीय है कि योगी कैबिनेट ने हाल ही में इस योजना को मंजूरी दी है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योगों, अधिष्ठानों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता के माध्यम से लाभान्वित करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं को अप्रेंटिस ट्रेनिंग के लिए प्रेरित करना है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) को लागू करने वाले प्रत्येक उद्योग, अधिष्ठान द्वारा प्रत्येक ट्रेनी को प्रदान किए जाने वाले स्टाइपेंड में भारत सरकार द्वारा दी जा रही प्रतिपूर्ति धनराशि के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1000 रुपए प्रति माह की अतिरिक्त धनराशि की प्रतिपूर्ति (टॉप-अप) की जाएगी।

**सरकारी व निजी संस्थानों को मिलेंगे कुशल कार्मिक :** मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) का संचालन कुछ मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन किया जाएगा। यह योजना ऐसे समस्त निजी उद्योगों एवं अधिष्ठानों में स्वतः लागू होगी, जो एनएटीएस के माध्यम से प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं या भविष्य में देंगे। इसके अलावा योजना का क्रियान्वयन एनएटीएस के संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए नियमों के अनुरूप किया जाएगा।

यही नहीं, मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) से प्रदेश के इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में डिप्लोमा एवं सभी विधाओं में स्नातक युवाओं को शिक्षुता प्रशिक्षण के अन्तर्गत जहां एक ओर व्यवहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों को कुशल व दक्ष कार्मिक मिलेंगे। योजना के अंतर्गत वही प्रशिक्षु लाभ प्राप्त करेंगे जो केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनएटीएस में पंजीकृत हैं। निर्धारित अवधि का शिक्षुता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर अभ्यर्थी को भारत सरकार द्वारा प्रवीणता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

